रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 261] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 17, 2016/ज्येष्ठ 27, 1938
No. 261] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 17, 2016/JYAISTHA 27, 1938

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली 13 जून, 2016

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (सेवानिवृत्ति सलाहकार) विनियम, 2016

सं. पीएफआरडीए/12/आरजीएल/139/1.—पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण, पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23) की धारा 52 की उपधारा 1की पठित उपधारा (2) के खंड (ब) और धारा 14 की उपधारा (2) के खंड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित विनियम बनाता है, नामतः

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ** .—(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (सेवानिवृत्ति सलाहकार) विनियम, 2016 है।

(2) ये राजपत्र में उनकी प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

इन विनियमों का उद्देश्य सेवानिवृत्ति सलाहकार की पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया, शुल्क इत्यादि के लिए रूपरेखा प्रदान करना और पेंशन सेक्टर के क्रमबद्ध विकास के लिए सेवानिवृत्ति सलाकार के कार्यक्षेत्र और दायित्वों को परिभाषित करना है।

2. **परिभाषाएं** – इन विनियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, :–

(i) 'अधिनियम' से पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 (2013 का 23) अभिप्रेत है;

(ii) 'कोई अन्य पेंशन स्कीम' अधिनियम की धारा 12 की उप–धारा (1) के खंड (ख) में उल्लेखित कोई अन्य पेंशन स्कीम अभिप्रेत है;

(iii) 'संपरीक्षक' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसकी नियुक्ति कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 139 के तहत हुई हो अथवा जो कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 224 के अधीन किसी कंपनी के लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिए अर्हित है;

(iv) 'प्राधिकरण' से पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 की धारा 3 की उप–धारा 1 के अंतर्गत स्थापित पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(v) 'अध्यक्ष' से प्राधिकरण का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(vi)'कम्पनी' से कम्पनी अधिनियम 2013 के अधीन निगमित अथवा कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन विरचित और रजिस्ट्रीकृत कोई इकाई अभिप्रेत है;

(vii)'अनुपालन अधिकारी' से सेवानिवृत्ति सलाहाकर के प्रतिउत्तरदायी ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, और जिसे उस रूप में पदाभिहित और अधिनियम के प्रावधानों, प्राधिकरण अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये नियमो या विनियमों, अधिसूचनाओं, मार्गदर्शक सिद्धांतों, निर्देशों इत्यादि का अनुपालन किये जाने और अभिदाताओं की शिकायतो के निराकरण को मानीटर करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है;

(viii)'फीस और शुल्क' से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अधीन मध्यवर्तियों द्वारा प्रतिपादित की जाने वाली सेवाओं के लिए पारिश्रमिक के रूप में देय फीस और शुल्क अभिप्रेत है;

(ix)'सदस्य' से प्राधिकरण के अध्यक्ष सहित उसके सदस्य अभिप्रेत है;

(x)'संभावित अभिदाता' से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के भावी अभिदाता अथवा अभिदाताओं का समूह अथवा कोई संगठन या निगम या नियोक्ता, जो अपने कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेशन प्रणाली को कियान्वित करने की वांछा रखता हो अथवा ऐसी पेंशन प्रणाली को लागू कर चुका हो, अभिप्रेत है;

(xi)'सेवानिवृत्ति सलाहकार'से कोई ऐसा व्यक्ति, पंजीकृत साझेदार कंपनी, निगमित निकाय, अथवा कोई पंजीकृत न्यास अथवा संस्था जो संभावित अभिदाताओं/अभिदाताओं अथवा अन्य व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों के समूहों और जो कि इन विनियमों के अधीन पंजीकृत हो, को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अथवा प्राधिकरण द्वारा विनियमित अन्य पेंशन योजना पर सलाह उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय रूप से अनुबंधित होने की वांछा रखता हो, अभिप्रेत है;

(2) इन विनियमों में प्रयुक्त और इन विनियमों में परिभाषित न किये गये किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और पदों का वही अर्थ होगा जो क्रमशः उनका अधिनियम में है।

अध्याय 2

सेवानिवृत्ति सलाहकार का रजिस्ट्रीकरण

3. **प्रमाणपत्र अनुदत्त किये जाने के लिए आवेदन** .—(1) इन विनियमों के प्रारंभ की तिथि से, सेवानिृवृत्ति सलाहकार के रूप में कार्यरत अथवा ऐसा कार्य करने की वांछा रखने वाला अथवा क्षमता धारित कोई व्यक्ति, कम्पनी अथवा निगमित इकाई अथवा कोई पंजीकृत न्यास अथवा सोसायटी जो कि किसी भी संभावित अथवा विद्यमान अभिदाता को, नवीन खाता खोलने को सुकर बनाने अथवा विद्यमान अभिदाताओं को सलाहकार सेवाएं प्रस्तुत करने के उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) अथवा प्राधिकरण द्वारा विनियमित कोई अन्य पेंशन स्कीम पर लिखित अथवा मौखिक किसी भी रीति में सेवानिवृति सलाहकार के रूप में सलाह प्रदान अथवा प्रसारित करने की वांछा रखता हो, सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकरण से, जैसा इन विनियमों में निर्दिष्ट हो, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभिप्राप्त कर सकेगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने का आवेदन इन विनियमों की अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट रीति में अप्रतिदेय आवेदन फीस के संदाय के साथ, प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रपत्र 'क' में किया जाएगा।

4. **रजिस्ट्रीकरण से छूट** .—(1) निम्न व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को इन निर्धारित शर्तों के अध्यधीन विनियम 3 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभिप्राप्त करना अपेक्षित नहीं होगा जोः

(क) प्राधिकरण द्वारा विनियमित कोई मध्यवर्ती अथवा संस्था को

(ख) उप विनियम 2 के अंतर्गत यथा विनिर्दिष्ट संस्था के अतिरिक्त कोई अन्य संस्था जिसे प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सके

(2) उन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को विनिर्दिष्ट शर्तों की संतृप्ति के अध्यधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभिप्राप्त करना अपेक्षित नहीं होगा जो कि

(क) किसी वकील, अधिवक्ता अथवा विधि कम्पनी, जो अपने विधिक अनुशीलन के संबंध में अपने ग्राहकों को सेवानिवृत्ति सलाह उपलब्ध कराते हैं

(ख) इंस्टीट्युट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटस ऑफ इंडिया, इंस्टीटयुट ऑफ कम्पनी सेकट्रीज ऑफ इंडिया, इंस्टीटयुट ऑफ कॉस्ट एण्ड वर्कस अकाउंटस ऑफ इंडिया, इंस्टीटयुट ऑफ एक्चुरिज ऑफ इंडिया अथवा कोई अन्य व्यवसायिक इकाई जिसे प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किया जा सके, का कोई सदस्य, जो अपने ग्राहकों को अपनी व्यवसायिक सेवाओं के संबंध में सेवानिवृत्ति सलाह प्रदान करता हो।

(ग) कोई अन्य इकाई जिसे प्राधिकरण द्वारा निर्दिष्ट किया जा सके।

परन्तु यह कि ऐसा व्यक्ति अथवा इकाई इन विनियमोंमें यथा विनिर्दिष्ट सामान्य बाध्यता (ओं) और उत्तरदायित्वोंके अनुपालन से आबद्धकर रहेगा और किसी भी प्रकार के व्यतिक्रम जैसा इन विनियमों में उपलब्ध है, के लिए पूर्णरूप से उत्तरदायी होगा, इस बात के होते हुए भी कि ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं ने इन विनियमों के अंतर्गत कोई रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया है या उन्हें अनुदत्त नहीं किया गया है।

5. **सूचनाओं, स्पटीकरणों का दिया जाना और व्यक्तिगत प्रस्तुतिकरण** .—(1)प्राधिकरण, आवेदक से विनियम 3 के उप विनियम 2 के अंतर्गत किये गये आवेदन के निपटारे के प्रयोजन हेतु सेवानिवृत्ति सलाह सेवाओं से जुड़े विषयों के बारे में कोई अतिरिक्त सूचना या स्पष्टीकरण देने की अपेक्षा कर सकेगा।

(2) आवेदक या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि, रजिस्टीकरण के संसाधन और अनुदान अथवा छूट, जो भी लागू हो, के संदर्भ में,यदि ऐसी अपेक्षा की जाये, व्यक्तिगत अभ्यावेदन के लिए प्राधिकरण के समझ उपस्थित होगा।

6. **आवेदन पर विचार किया जाना और पात्रता मानदंड** .—प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने के प्रयोजन हेतु प्राधिकरण, ऐसे सभी विषयों को ध्यान में रखेगा, जो रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने से संबंधित हैं और जिनमें मुख्यतः निम्न शामिल हैं :—

(क) क्या आवेदक चाहे वह एक व्यक्ति, निगमित निकाय अथवा एक रजिस्ट्रीकृत साझेदारी फर्म अथवा संस्था अथवा न्यास हो, लागू विधि के अंतर्गत पंजीकृत है;

(ख) क्या आवेदक जो कि एक निगमित निकाय है, आवेदक के सभी अभ्यावेदक जो कि सेवानिवृत्ति सलाह उपलब्ध कराते हैं, विनियम 7 में यथा विनिर्दिष्ट पूर्ण रूपेण योग्य हैं और प्रामाणिक हैं;

(ग) क्या आवेदक स्वामित्व प्रतिष्ठान, कम्पनी, सीमित उपादेयताओं वाली साझेदार या संस्था या न्यास, स्वामित्वाधिकारकों अथवा सभी पणधारियों या न्यासियों की बहुलता या न्यास के सदस्य जो सेवानिवृत्ति सलाह देने में प्रवृत्त हैं, विनियम 7 में यथा विनिर्दिष्ट अर्हक और प्रामाणिक हैं।

(घ) क्या आवेदक के पास एक सेवानिवृत्ति सलाकार के कार्यकलापों का प्रभावशाली निर्वहन करने के लिए पर्याप्त आवश्यक बुनियादी ढांचा है।

(ड.) क्या आवेदक या आवेदक से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संबंध रखने वाले किसी व्यक्ति को प्राधिकरण द्वारा पूर्व में मध्यवर्ती के रूप में या किसी कार्यों के संबंध में प्रमाण पत्र दिये जाने को नामंजूर किया गया है यदि हो तो उस इन्कार के क्या कारण थे।

(च) क्या आवेदक, उससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंध रखने वाले किसी व्यक्ति, संस्था के विरूद्ध प्राधिकरण या किसी विनियामक प्राधिकरण या किसी सरकारी विभाग या किसी वित्तीय क्षेत्र की संस्था या किसी व्यवसायिक इकाई या संस्थान द्वारा संबंधित अधिनियम, नियमों या उसके अधीन बनाये गये विनियमों के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई या कोई अन्य कार्रवाई की गई है या ऐसा आवेदन किये जाने अथवा व्यक्ति को पिछले पांच वर्षों में किसी न्यायायिक अदालत द्वारा किसी आर्थिक अपराध, जिसमें नैतिक अद्यमता अंतर्वलित हो, के लिए दोषसिद्ध किया गया है;

(छ) कोई अन्य मापदंड जिसे प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किया सके, जैसा कि वह अभिदाताओं के हित में उचित समझे।

7. **पात्रता और प्रमाणीकरण अपेक्षा** .—

(क) सेवानिवृत्ति सलाह देने का प्रस्ताव करने वाले व्यक्ति, स्वत्वधारी, साझेदारों, न्यासियों, इन विनियमों के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत सेवानिवृत्ति सलाहकार के प्रतिनिधियों, सदस्यों को हर समय न्यूनतम अर्हताएं जो कि किसी भी माध्यम में स्नातक है, बनाये रखना होगा, और

(ख) व्यक्ति और स्वत्वधारी, साझेदार, न्यासियों, सेवानिवृत्ति सलाहकारों के प्रतिनिधि और सदस्य यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवानिवृति सलाह का प्रस्ताव करने वाले सभी व्यक्तियों के पास, हर समय पर प्राधिकरण द्वारा अधिकृत संस्थान से सेवानिवृत्ति योजना निर्माण या सेवानिवृत्ति परामर्श सेवाओं पर वैध प्रमाणपत्र हो।

परन्तु यह है कि ऐसा प्रमाण पत्र निम्न मामलो में अनिवार्य नहीं होगा :

(i) भारतीय प्रतिभूति बोर्ड के साथ, उसके अपने विनियमों के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत किसी निवेश सलाहकार के मामले में

(ii) किसी प्रमाणिक वित्तीय योजनाकार (सीएफपी) या सह वित्तीय योजनकार (एएफपी) —फाइनेंसियल प्लानिंग स्टैंडर्डस बोर्ड इंडिया (एफपीएसबी इंडिया) द्वारा दिये गये सेवानिवृत्ति योजना प्रमाणीकरण/णों के मामले में।

(iii) प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट कोई अन्य मामला

परन्तु यह और कि प्रमाणीकरण अपेक्षाओं के अनुपालन के साथ निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर व्यवसायिक शिक्षा पूर्ण करने पर अधिकृत संस्थान से प्रमाणीकरण की वैधता अनवसित होने से पूर्व नया प्रमाणीकरण या विद्यमान प्रमाणीकरण का नवीनीकरण प्राप्त करना होगा।

IndiaCode

8.प्रतिभूति निक्षेप जमा.—(i) सेवानिवृत्ति सलाहकार जो कि एक निगमित निकाय या साझेदारी कम्पनी या कोई रजिस्ट्रीकृत न्यास या संस्था है, अपना कारबार प्रारंभ करने से पूर्व रजिस्ट्रीकरण के समय रूपये एक लाख की बैंक निक्षेप या निष्पादन गारंटी के रूप में सुरक्षा राशि प्राधिकरण को जमा कराएगा। यह प्रतिभूति निक्षेप/गारंटी रजिस्ट्रीकरण की वास्तविक या नई अवधि अनुदत्त होने के उपरांत छः माह की अवधि तक वैध रहेगा। ऐसा प्रतिभूति निक्षेप या गारंटी किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी की जाएगी और जहां कोई बैंक सेवानिवृत्ति सलाहकार की सेवाओं का प्रस्ताव करता है, तो प्रतिभूति निक्षेप किसी अन्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के द्वारा निर्गमित की जाएगी।

(ii) सेवानिवृत्ति सलाहकार जो कि कोई व्यक्ति या स्वामित्व प्रतिष्ठान का मालिक है, अपना कारबार प्रारंभ करने से पूर्व रजिस्ट्रीकरण के समय रूपये दस हजार की बैंक निक्षेप या निष्पादन गारंटी के रूप में सुरक्षा राशि प्राधिकरण को जमा कराएगा। यह प्रतिभूति निक्षेप/गारंटी रजिस्ट्रीकरण की वास्तविक या नई अवधि अनुदत्त होने के उपरांत छः माह की अवधि तक वैध रहेगा।प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट समयसीमा, अधिवर्धित न होने तक, यदि ऐसा जमा प्राप्त नहीं हेाता है तो रजिस्ट्रीकरण रद्द होना दायी होगा।

9. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अनुदत्त किया जाना .— प्राधिकरण द्वारा संतुष्टि होने पर कि आवेदक विनियम 6 में यथाविनिर्दिष्ट अपेक्षाओ की संतुष्टि और अनुपालन करता है इस आशय की संसूचना आवेदक को भेजेगा और दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट रजिस्ट्रीकरण/नवीनीकरणफीस के संदाय की प्राप्ति होने पर ऐसे रजिस्ट्रीकरण के निबंधनों और शर्तों के अनुपालन के अनुसरण के अध्यधीन, प्रथम अनुसूची के अंतर्गत यथा विनिर्दिष्ट प्ररूप ख में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अनुदत्त करेगा।

10. प्रमाण पत्र की विधिमान्यता की अवधि .—विनियम 9 के अंतर्गत अनुदत्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, इसके जारी किये जाने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य रहेगा।

11. प्रमाण पत्र का नवीनीकरण .— (1) प्रमाण पत्र की विधिमान्यता अवधि के अवसान से तीन माह पूर्व, सेवानिवृत्ति सलाहकार, यदि ऐसी वांछा करें, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के नवीनीकरण को अनुदत्त किये जाने के लिए प्रपत्र क में आवेदन कर सकता है।

(2) उप विनियम 1 के अंतर्गत नवीनीकरण हेतु किये गये आवेदन पर उसी रीति में विचार किया जाएगा जिस प्रकार विनियम 3 के उप विनियम (2) के अंतर्गत प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने के लिए किये गये आवेदन पर किया जाता है।

परन्तु यह कि हालांकि प्राधिकरण, वास्तविक अवधि के दौरान सेवानिवृत्ति सलाहकार के कार्य निष्पादन, खोले गये नये खातों सहित, पर भी विचार कर सकता है।

(3) उप विनियम (1) में विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर नवीनीकरण हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होने के मामले में, प्राधिकरण द्वारा, ऐसे आवेदन पर प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट विलम्ब फीस के साथ प्राप्त होने पर विचार किया जा सकता है। नवीनीकरण के लिए कोई भी आवेदन, विद्यमान रजिस्ट्रीकरण की तारीख की अवसान तिथि से एक सौ अस्सी दिनों की अवधि के पश्चात स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(4) विद्यमान सेवानिवृत्ति सलाहकार को प्राधिकरण से ऐसा नवीनीकरण अनुदत्त करवाने का कोई विशेषाधिकार नहीं होगा।

(5) प्राधिकरण, यदि वह उचित समझे, नवीनीकरण के समय किसी विद्यमान सेवानिवृत्ति सलाहकार को लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से, किसी पात्रता संबंधी निबंधनों का समाधान करने से छूट दे सकता है और ऐसी छूट को किसी प्रकार के निबंधनों के सहित या बिना अनुदत्त किया जा सकेगा।

12. प्रमाण पत्र अनुदत्त किये जाने से इंकार करने की दशा में प्रक्रिया .—**(1)** विनियम 3 के अंतर्गत किये गये आवेदन पर विचार करने के पश्चात, यदि प्राधिकरण की यह राय है कि आवेदक को प्रमाण पत्र नहीं दिया जाना चाहिए, उसके द्वारा लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से आवेदन को नामंजूर किया जा सकेगा। आवेदन नामंजूर किये जाने से पूर्व प्राधिकरण आवेदक को विनिर्दिष्ट समयसीमा के भीतर कमियों को दूर करने का यथोचित अवसर प्रदान कर सकता है।

(2) प्राधिकरण द्वारा आवेदन को नामंजूर किये जाने के निर्णय की संसूचना आवेदक को ऐसा विनिश्चय किये जाने के तीस दिनों के अपश्चात दी जाएगी।

(3) जहां प्राधिकरण द्वारा नवीनीकरण प्रमाणपत्र हेतु किये गये आवेदन को नामंजूर कर दिया जाता है आवेदक प्राधिकरण द्वारा रजिस्ट्रीकृत सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में कार्य करने से प्रविरत रहेगा।

परन्तु यह कि इन विनियमों में ऐसा कुछ भी अंर्तविलित नहीं है जो विधि के अधीन आवेदक को उससे जुड़े अभिदाताओं के संबंध में उसकी देयताओं को प्रभावित करेगा।

13. प्रमाण पत्र की शर्तें .—विनियम 9 के अंतर्गत अनुदत्त कोई रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगा :—

(क) सेवानिवृत्ति सलाहकार अधिनियम और इन विनियमों के प्रावधानों और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के वैशिष्टय से आबद्धकर रहेगा।

(ख) सेवानिवृत्ति सलाहकार यदि प्राधिकरण को पूर्व में दिये गये महत्वपूर्ण विवरणों में से किसी जानकारी अथवा विवरण को मिथ्या या भ्रामक पाता है अथवा पूर्व में दी गई किसी जानकारी में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होता है, इसकी अविलम्ब सूचना प्राधिकरण को लिखित रूप में देगा।

(ग) सेवानिवृत्ति सलाहकार अपने नाम के साथ 'सेवानिवृत्ति सलाहकार' शब्द को समविष्ट करेगा।

(घ) परन्तु यह कि यह यदि सेवानिवृत्ति सलाहकार की सेवा एक पृथक रूप से अभिज्ञेय विभाग या प्रभाग या एक अधीनस्थ के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है तो ऐसा पृथक विभाग या प्रभाग या अधीनस्थ अपने नाम के साथ ' सेवानिवृत्ति सलाहकार' शब्द समाविष्ट करेगा।

14. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का निलम्बन और रद्दकरण किया जाना .—सेवानिवृत्ति सलाहकार को प्रदान किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र निम्नलिखित मामलों में निलम्बित, रद्द, संहरण या वापस लिया जाना , जैसा भी मामला हो, होना दायी होगा अर्थात यदि सेवानिवृत्ति सलाहकार : —

(क) किसी ऐसी शर्तों का पालन करने में असफल रहता है जिसके आधार पर उसे पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है;

(ख) पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013, उसके अधीन बनाये गये विनियमों के किन्ही उपबंधों और प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी ऐसे अन्य मार्गदर्शक सिद्धांतो या निर्देशों का उल्लंघन करता है या ;

(ग)सेवानिवृत्ति सलाहकार के कार्यपालन से संबंधित प्राधिकरण द्वारा यथाअपेक्षित कोई सूचना देने में असफल रहता है

(घ) प्रमाण पत्र अभिप्राप्त करने हेतु दिये गये आवेदन में असत्य या गलत जानकारी देता है या महत्वपूर्ण जानकारी छिपाता है या प्रकट करने में विफल रहता है;

(ड) प्राधिकरण द्वारा यथा अपेक्षित आवधिक विवरणियां प्रस्तुत नहीं करता है;

(च) अभिदाताओं की शिकायतों का निराकरण करने में असफल रहता है या इसके संबंध में प्राधिकरण को समाधानप्रद रूप में उत्तर देने में असफल रहता है;

(छ) प्राधिकरण द्वारा आयोजित किसी जांच में सहयोग नहीं करता है;

(ज) अभिदाताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने या उनके हितोंया सार्वजनिक हितके विरूद्ध रीति में कार्य करता है या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के क्रमिक विकास को प्रसारित नहीं करता या उक्त योजना का उल्लंघन करता है।

(झ) यदि उसके विरूद्ध किसी अभिकरण या प्राधिकरण ने कपट या वित्तीय अनुचित व्यवहार के संबंध में कोई जांच प्रारंभ की हो या उसके विरूद्ध किसी विनियामक इकाई या सरकार द्वारा अवरोधक, वर्जित, अभिनिषेधात्क या इस प्रकृति का कोई आदेश दिया गया हो या उस पर न्यायाधिकरण द्वारा आर्थिक अपराध या जिसमें नैतिक अधमता शामिल है के लिए दोषसिद्ध किया गया हो।

(ञ) कार्य या लोपों से संबंधित कोई अन्य गतिविधियां जिसे प्राधिकरण द्वारा अधिसूचना या परिपत्र या मार्गदर्शक सिद्धांतों के माध्यम से विनिर्दिष्ट किया जा सके।

15. सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा धारित की जाने वाली फीस .— **(1)** सेवानिवृत्ति सलाहकार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में शामिल होने हेतु सेवानिवृत्ति सलाह और सुविधा उपलब्ध करायेगा और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत अनुवर्ती सेवाओं को अभिप्राप्त करने में सहायता करेगा। सेवानिवृत्ति सलाह, योजना में बने रहने और अनुवर्ती सेवाओं या लेन–देन के लिए सेवानिवृत्ति सलाहकार, प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट किये जा सकने वाले अधिकतम शुल्क के अध्यधीन फीस प्रभारित कर सकेगा।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एक संभावित अभिदाता को शामिल करने के लिए उपरि सीमा एक सौ बीस रूपये होगी जिसमें प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर संशोधन किया जा सकेगा और प्राधिकरण द्वारा यथोचित परिपत्र/मार्गदर्शक सिद्धांतों/निर्देशों के निर्गम के माध्यम से विनिर्दिष्ट किया जा सकेगा। ऑन बोर्डिंग फीस का भुगतान केवल पंजीकरण प्रक्रिया के पूर्ण होने/अभिदाता के ऑनबोर्ड होने और व्यष्टिक पेंशन खाता के सृजन के पश्चात आदेय होगा।

किसी प्रकार की अनुवर्ती सेवाओं के लिए, व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकार, प्रति संव्यवहार पर बीस रूपये या अधिकतम सौ रूपये वार्षिक, जिसमें प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर, इस संबंध में जैसा कि यथोचित अधिसूचनाओं, मार्गदर्शक सिद्धांतों,परिपत्रों या निर्देशों के परिनिर्गम के माध्यम से विनिर्दिष्ट किया जा सके, संशोधन किया जा सकेगा, को प्रभारित करने का हकदार होगा।

(2) एक संभावित अभिदाता या अभिदाता या समूह या संयुक्त अभिदाताओं के एक वर्ग को सलाह प्रदान कर रहे सेवानिवृत्ति सलाहकार जो कि एक व्यक्ति या एक कम्पनी या निगमित निकाय या कोई अन्य संस्था है, जैसा कि प्राधिकरण द्वारा यथोचित अधिसूचनाओं, मार्ग दर्शक सिद्धांतों, परिपत्रो या किसी अन्य निर्देशों यदि कोई हो के निर्गम के माध्यम से विनिर्दिष्ट की जा सकने वाली उपरि सीमा के अध्यधीनसलाहकार शुल्क प्रभारित कर सकता है।

ऐसे मामलों में, फीस, सेवानिवृत्ति सलाहकार और संभावित अभिदाता/अभिदाताओं के बीच लिखित करार के अनुसार आदेय होगी। इसके अतिरिक्त, एक सेवानिवृत्ति सलाहकार यह सुनिश्चित करेगा कि प्रस्तुत सेवाओं के लिए अभिदाताओं के समूह सहित संभावित अभिदाता/अभिदाताओं से प्रभारित की जाने वाली फीस उचित, तर्कसंगत और सम्मेय है।

प्रदान की गई सेवा के लिए संकलित सभी प्रभारों और फीस को सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा उपयुक्त प्राप्तियां जारी कर सम्यक रूप से अभिस्वीकृत किया जाएगा।

16. सेवानिवृत्ति सलाहकार की निगरानी के लिए निकाय या निगमित निकाय.–

(1) सेवानिवृत्ति सलाहकार के कियाकलापों की निगरानी के प्रयोजनार्थ प्राधिकरण किसी निकाय या निगमित निकाय को अभिज्ञात कर सकता है।

(2) प्राधिकरण , ऐसे निकाय या निगमित निकाय को स्वीकृति अनुदत्त किये जाने के समय ऐसे निकाय या निगमित निकाय को ऐसे निबंधनों और शर्तों जैसा कि प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट किया जा सके, सेवानिवृत्ति सलाहकार के पर्यवेक्षण और प्रशासन प्रत्यायोजित कर सकता है।

(3) प्राधिकरण यह विनिर्दिष्ट कर सकता है कि कोई भी व्यक्ति सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में तब तक कार्य नहीं कर सकता जब तक कि वह किसी अभिज्ञात निकाय या निगमित निकाय का सदस्य न हो और ऐसे मामले में ऐसे निकाय या निगमित निकाय के इन विनियमों और उप विधियों या अनुच्छेदों के उपबंध ऐसे सेवानिवृत्ति सलाहकार पर आवश्यक परिवर्तनों के साथ लागू होंगे।

अध्याय ।।।

सामान्य दायित्व और उत्तरदायित्व

17. सामान्य दायित्व .–

(क)एक सेवानिवृत्ति सलाहकार अपने अभिदाताओं/संभावित अभिदाताओं के मदे विश्वसनीय क्षमता के साथ कार्य करेगा और सभी प्रकार के हित संघर्ष जो भी और जब कभी भी उत्पन्न हो, को स्पष्ट करेगा।

(ख) एक सेवानिवृत्ति सलाहकार संभावित अभिदाताओं को सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत उपस्थिति अस्तित्व के साथ गठजोड़ कर सकता है। सेवानिवृति सलाहकार को ऐसे व्यवस्थापन करने में उपस्थिति अस्तित्व की संख्या पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं होगा परन्तु यह कि ऐसा करने से अभिदाताओं के हित, प्रतिकूल रूप से प्रभावित न होते हों।

(ग) सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा राष्ट्रीय पेशन प्रणाली (एनपीएस) या प्राधिकरण द्वारा विनियमित अन्य पेंशन योजना, जिसके संबंध में सलाह दी जाती है, के अतिरिक्त संभावित या अभिदाता जिसे सलाह दी गई है को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति की ओर से किसी क्षतिपूर्ति या पारिश्रमिक या किसी अन्य प्ररूप पर विचार नहीं करेगा।

(घ) सेवानिवृत्ति सलाहकार अभिदाता के पेंशन खाते में निवेश या अंशदान करने हेतु सेवानिवृत्ति सलाहकार की क्षमता की रूप में किसी प्रकार की राशि का संकलन नहीं करेगा।

(ङ) सेवानिवृत्ति सलाहकार संभावित अभिदाता या अभिदाता को पंजीकरण हेतु रजिस्ट्रीकरण प्रपत्र, निकास प्रपत्र, विभिन्न अन्य प्रपत्र अपेक्षित उपांतरण या व्यक्तिगत मुख्य विवरणों, उपस्थिति अस्तित्व, पेंशन निधि, निवेश विकल्प में परिवर्तन और राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या अन्य पेंशन योजनाओं के अधीन संबंधित अन्य गतिविधियों के संबंध में सलाह देगा।

(च) सेवानिवृत्ति सलाहकार अभिदाता को आवधिक आधार पर पेंशन निधियों के कार्यप्रदर्शन, अधीनस्थ आस्ति पोर्टफोलियो , एनएवी, सामान्य वित्तीय बाजार रूझान या अन्य सुसंगत जानकारी ई मेल, सूचनापत्रों या विनिर्दिष्ट माध्यमों के द्वारा उपलब्ध करायेगा।

(छ) सेवानिवृत्ति सलाहकार अभिदाता को विभिन्न नीतियों एवं प्राधिकरण द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों, या राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली न्यास सहित, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत मध्यवर्तियों से संबंधित अन्य जानकारी को एक आवधिक आधार पर उपलब्ध करायेगा।

(ज) एक सेवानिवृत्ति सलाहकार अपनी अन्य गविविधियों और एक सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में उसकी गतिविधियों के मध्य पर्याप्त अंतर बनाये रखेगा।

(झ) एक सेवानिवृत्ति सलाहकार जो कि सेवानिवृत्ति सलाहकारीय सेवा के अतिरिक्त भी अन्य गतिविधियों में शामिल है यह सुनिश्चित करेगा कि उसकी सेवानिवृत्ति सलाह सेवाएं उसकी सभी अन्य गतिविधियों से स्पष्ट रूप से पृथक रहे।

(ञ) सेवानिवृत्ति सलाहकार यह सुनिश्चित करेगा कि अन्य गतिविधियों के साथ सेवानिवृत्ति सलाहकार की गतिविधियों के हितों के संघर्ष के किसी मामले में, ऐसे हितों के संघर्ष के बारे में संभावित अभिदाताओं या अभिदाताओं पहले ही सुस्पष्ट करेगा।

(ट). सेवानिवृत्ति सलाहकार अपने संभावित या अभिदातों की गोपनीय जानकारी, जो उसके संज्ञान में आयी हो, बिना संभावित या अभिदाता की अनुमति के, सिवाय कि ऐसा प्रकटीकरण किया जाना प्रचलित किसी कानून के अनुपालन के तहत अपेक्षित हो, के अतिरिक्त प्रकट नहीं करेगा।

(ठ) एक सेवानिवृत्ति सलाहकार प्राधिकरण द्वारा समय समय पर यथाविनिर्दिष्ट ' अपने ग्राहक को जाने' प्रक्रिया का अनुपालन करेगा।

(ड) सेवानिवृत्ति सलाहकार प्राधिकरण द्वारा विनिर्दिष्ट आचार संहिता से आबद्धकर रहेगा।

(ढ) सेवानिवृत्ति सलाहकार कंपनी नियंत्रण में परिवर्तन के मामले में समयबद्ध सूचना प्राधिकरण को देगा।

(ण) सेवानिवृत्ति सलाहकार सूचना या रिपोर्टों को जैसा प्राधिकरण द्वारा समय समय पर विनिर्दिष्ट किया जाये, प्राधिकरण को देगा।

(त) सेवानिवृत्ति सलाहकार का यह दायित्व होगा कि वह सुनिश्चित करे कि उसके प्रतिनिधि और साझेदार, सभी समय पर प्राधिकरण द्वारा यथा विनिर्दिष्ट प्रमाणीकरण और अर्हता संबंधी अपेक्षाओं के अनुपालन को, जैसा लागू हो, का अनुपालन करेंगे।

18. कार्यक्षेत्र.– एक सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा निम्न कृत्यों को किया जाएगा :

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और प्राधिकरण द्वारा विनियमित अन्य पेंशन योजनाओं के संबंध में जागरूकता पैदा करना सेवानिवृत्ति सलाहकार का सबसे महत्वपूर्ण दायित्व होगा।

(ii) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या प्राधिकरण द्वारा विनियमित अन्य पेंशन योजना में संभावित अभिदाताओं को शामिल होने के लिए सहायता प्रदान करना।

(iii) संभावित अभिदाताओ को वृद्धावस्था आय सुरक्षा, सेवानिवृत्ति योजना निर्माण, उनके द्वारा किये जा सकने वाले अंशदान के स्तर, वांछित सेवानिवृत्ति उद्देश्यों को हासिल करने के उनके वर्तमान और भविष्य की संभावित आय के संबंध में और इन निर्णयों को लेने से संबंधित अन्य मुद्दों और कपटपूर्ण विक्रय की संभावनाओं से बचने हेतु परामर्श देना।

(iv) संभावित अभिदाताओं और अन्य अभिदाताओं को सेवानिवृत्ति बचत हेतु योजना निर्माण में सहायता देना।

(v) सेवानिवृत्ति सलाहकार से संभावित अभिदाताओं के साथ व्यवहार के दौरान व्यवसायिक सम्यक सावधानी का निष्पादन अपेक्षित है और इस संदर्भ में आवश्यक दक्षता का होना अपेक्षित है।

(vi) सेवानिवृत्ति सलाहकार संभावित अभिदाताओं के साथ व्यवहार के दौरान स्वतंत्र और निष्पक्ष वातावरण उपलब्ध करायेगा, जो उन्हें ज्ञात संव्यवहारक निर्णय लेने में सहायक होगा और इस प्रयोजनार्थ संभावित/अभिदाताओं के हितों को अग्रणी बनाये रखेगा।

(vii) सेवानिवृत्ति सलाहकार,संभावित अभिदाताओं या अभिदाताओ को, उनके निम्न पहलुओं पर विचार करते हुए और सर्वोच्च बेहतर निष्ठा और साफ–सुथरी बाजार व्यवस्थाओं के आधार पर सबसे उपयुक्त योजना का संकलन और परामर्श देना अपेक्षित है।

(क) संभावित अभिदाता की मूलभूत जानकारी जैसा कि आयु, वैवाहिक स्थिति, निभर्रता, वर्तमान आस्तियां, देयताएं, आय, खरीद योजना, सेवानिवृत्ति आय योजना, सेवानिवृत्ति के पश्चात की योजनाएं, पारिवारिक स्वास्थ्य इतिहास और दीर्घायु और वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित जानकारी को संग्रहित करते हुए सर्वोत्तम उत्पाद की खरीद हेतु संभावित अभिदाता की आवश्यकताओं पर सम्यक तत्परता बरतना।

(ख) संभावित अभिदाता की वित्तीय और सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को चिन्हित करना।

(ग) संभावित अभिदाता की वर्तमान वित्तीय प्रास्थिति और वर्तमान निवेशों का विश्लेषण करना

(घ) संभावित अभिदाता या अभिदाता का जोखिम पृष्ठभूमि

(ङ.) आस्ति आबंटन

(च) निवेश आबंटन रणनीति

(छ) आवधिक निगरानी और संतोलन

(ज) स्वयं अथवा परिवार की तत्कालीन और सन्निकट भविष्य की वित्तीय प्रतिबद्धताओं की संभाव्यता।

(viii) सेवानिवृत्ति सलाहकार अभिदाता को प्राधिकरण द्वारा विनियमित पेंशन योजनाओं के लाभों को प्राप्त करने में, अंशदान, निवेशों के आबंटन और पेंशन निधियों के चयन के बारे में आसान निर्णयों को लेने में सहयोग करते हुए, समर्थ करेगा।

(ix) सेवानिवृत्ति सलाहकार निगमों और सरकारी विभागों के साथ उनके कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति योजनाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाने हेतु सहभागी होगा।

(x) सेवानिवृत्ति सलाहकार संभावित अभिदाता की रूपरेखा और विद्यमान बाजार परिस्थितियों, और वित्तीय बाजार और अर्थव्यस्था के विभिन्न मानदण्डों में संभावित वृद्धि पर सम्यक रूप से विचार करने के पश्चात विभिन्न वित्तीय प्रतिभूतियों के जोखिम और प्रतिलाभ के बारे में समुचित रूप से मागदर्शन करने और परामर्श देने और साथ ही प्रत्येक आस्ति वर्गों यथा – इक्विटी, सरकारी प्रतिभूतियों, निगम ऋणपत्रों में निधि आबंटन के सबसे उपयुक्त अनुपात के बारे में भी, सलाह देने में समर्थ होगा। सेवानिवृत्ति सलाहकार किसी आस्ति के प्रदर्शन हेतु किसी प्रकार की गांरटी धारित नहीं करेगा।

(xi) सेवानिवृत्ति सलाहकार प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध और स्वीकृत जानकारी के आधार पर, पेंशन निधि द्वारा किये गये निवेशों और योजना के प्रतिलाभों की तुलना सहित पेंशन निधि के प्रदर्शन पर जागरूकता उत्पन्न कर सकता है।

(xii) सेवानिवृत्ति सलाहकार मध्यवर्तियों को एक समयबद्ध रीति में जानकारी और दस्तावेजों को पारेषित करेगा,और अभिदाताओं से संकलित व्यक्तिगत जानकारी की सभी समय पर सर्वोच्च गोपनीयता बनाये रखेगा और अभिदाता की सहमति लिये बिना उसका उपयोग किसी अन्य गतिविधि के लिए नहीं करेगा।

19. जोखिम पृष्ठभूमि.– सेवानिवृत्ति सलाहकार यह सुनिश्चित करेगा कि –

(क) वह संभावित अभिदाता या अभिदाता से ऐसी जानकारी जो कि सेवानिवृत्ति सलाह देने के प्रयोजनार्थ अपरिहार्य है, जिनमें निम्न समाविष्ट है :–

(i) आयु

(ii) आय विवरण

(iii) विद्यमान सेवानिवृत्ति बचत/आस्तियां

(iv) जोखिम वहन क्षमता/सहनशीलता

(v) देयताएं/ऋण विवरण

(vi) परिवार के आश्रित सदस्य

(vii) जीवन/स्वास्थ्य बीमा विवरण

(viii) अन्य संबंधित जानकारी

जोखिम पृष्ठभूमि पत्र जैसा कि अनुसूची 4 में विनिर्दिष्ट किया गया है यथा प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर संशोधित, अभिप्राप्त करेगा ।

(ख) वह जोखिम निर्धारण हेतु एक प्रक्रिया का पालन करता है जिसे एक संभावित अभिदाता या अभिदाता उठाने की वांछा रखता है और समर्थ है, यथा

(i) आमेलक हानि हेतु संभावित अभिदाता की क्षमता का मूल्यांकन

(ii) इस बात का निर्धारण करना कि क्या संभावित अभिदाता निवेश प्रक्रिया में निहित बाजार जोखिम की अवधारणा को समझने की स्थिति में है।

(iii) संभावित अभिदाता को प्रश्नों की प्रतिक्रियाओं की उपयुक्त व्याख्या करना और निश्चित उत्तरों पर अनपर्युक्त भार आरोपित न करना।

(iv)यह समझने और मूल्यांकित करने में समर्थ होना कि सेवानिवृत्ति योजनाएं जिनमें दीर्घकालीन निर्माण पूर्व अवधि, और योजना से शीघ्र तरलता या निकास शामिल है, लाभप्रद नहीं है।

(ग) जहां साधनों का इस्तेमाल जोखिम पृष्ठभूमि के लिए किया जाता हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि साधन प्रयोजन हेतु उचित हो और सीमाएं निर्धारित हो और कम हो।

(घ) जोखिम स्थापना, जिसे संभावित अभिदाता वहन करने की वांछा रखता है और समर्थ है, हेतु प्रयुक्त किसी प्रश्नावली में कोई भी प्रश्न या विवरणी निष्पक्ष, स्पष्ट और भ्रमपूर्ण न हो और यह सुनिश्चित करेगा कि

(i) प्रश्नावली अस्पष्ट नहीं है या दोहरी नकारात्मकता का इस्तेमाल न हो या ऐसे जटिल भाषा में न हो जिसे संभावित अभिदाता नहीं समझ सकता हो।

(ii) प्रश्नावली ऐसे रीति में संरचित न हो जिसमें भ्रमपूर्ण प्रश्न हो।

(ङ) संभावित अभिदाता की जोखिम पृष्ठभूमि का निर्धारण हो जाने पर, उसे संभावित अभिदाता को संसूचित कर दिया जएगा।

(च) जोखिम निर्धारण को संभावित अभिदाता या अभिदाता द्वारा उपलब्ध जानकारी के आधार पर आवधिक आधार पर अद्यतन किया जाता है।

20. संभावित अभिदाता/अभिदाताओं को प्रकटीकरण .–

(क) सेवानिवृत्ति सलाहकार संभावित अभिदाता को, अपने सभी व्यवसाय, शैक्षणिक इतिहास, व्यवसायिक अर्हताओं सहित उसके बारे में सभी वास्तविक जानकारी, अनुशासनात्मक कार्रवाई इतिहास वे शर्तें और नियम जिन पर वह सलाहकार सेवाएं प्रस्तुत करेगा, अन्य मध्यवर्तियों के साथ संबद्धीकरण और ऐसी अन्य जानकारी जो कि उसकी सेवाएं लेने और न लेने के ज्ञात निर्णय लेने के लिए अनिवार्य है, का प्रकटीकरण करेगा।

(ख) सेवानिवृत्ति सलाहकार अपने संभावित अभिदाता को किसी भी विचारण चाहे वह पारिश्रमिक या क्षतिपूर्ति या किसी अन्य रूप में, जैसा भी हो, उसके द्वारा प्राप्त या प्राप्तयोग्य का प्रकटीकरण करेगा।

(ग) सेवानिवृत्ति सलाहकार अपने संभावित अभिदाता को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या प्राधिकरण द्वारा विनियमित किसी योजना के अधीन किसी मध्यवर्ती के साथ या के संबंध में उत्पन्न हुए किसी भी वास्तविक या संभावित हितो के टकराव जिसमें ऐसी वास्तविक

IndiaCode

जानकारी या तथ्य जो कि सेवानिवृत्ति सलाहकार सेवाओं के निष्पादन मे उसकी वस्तुनिष्ठता या स्वतंत्रता को जोखिम में डाल सकता है, समाविष्ट है, का प्रकटीकरण करेगा।

(घ) सेवानिवृत्ति सलाहकार परामर्श देते हुए संभावित अभिदाता को सेवाओं की मुख्य विशेषताओं से संबंधित या विशेष रूप से उत्पाद या प्रतिभूतियों, विभिन्न पेंशन निधियों और वार्षिकी सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न निवेश आस्ति वर्गों और वार्षिकी योजनाओं के कार्यनिष्पादन अभिलेखों से संबंधित वास्तविक जानकारी का पर्याप्त प्रकटीकरण करेगा।

(ङ) सेवानिवृत्ति सलाहकार संभावित अभिदाता का ध्यान निवेश विकल्प और वार्षिकी विकल्प जिसकी वह संभावित अभिदाताओं या अभिदाताओं के लिए संस्तुति कर रहा है, से संबंधित प्रचार सामग्री, दस्तावेजों में चेतावनियों, अस्वीकरणों, की ओर करायेगा।

(च) सेवानिवृत्ति सलाहकार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को किसी अन्य उत्पादों के साथ किसी गठजोड़ या अन्य वित्तीय उत्पाद के साथ संसर्ग में प्रस्ताव न होने या सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा उपलब्ध सेवाओं के बारे में संसूचित करेगा।

(छ) सेवानिवृत्ति सलाहकार किसी प्रकार का वक्तव्य देने से जो कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या प्राधिकरण की छवि को किसी रूप में अपमानित या अप्रतिष्ठित या विकृत करता हो, से परहेज करेगा।

21. अभिलेखों को बनाये रखा जाना.—

(क) सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा निम्न अभिलेखों :—

(i) संभावित अभिदाताओं/अभिदाताओं के अपने ग्राहक को जाने अभिलेखों को

(ii) जोखिम पृष्ठभूमि पत्र जैसा कि चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट है यथा प्राधिकरण द्वारा समय—सयम पर संशोधित, सम्यक रूप से भरा हुआ और संभावित अभिदाता/अभिदाता के साथ और अभिदाता द्वारा हस्ताक्षरित समझौते की प्रतियां, यदि कोई हो

(iii)एक रजिस्टर या संभावित अभिदाताओं या अभिदाताओं की अभिलेख अंतर्विष्ट सूची, परामर्श की तिथि, प्रभारित फीस, ऐसे परामर्श के लिए यदि कोई हो

(iv) कोई अन्य दस्तावेज या अभिलेख, जैसा कि प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित किया जा सके।

(ख) अभिलेखों को भौतिक और इलैक्ट्रोनिक प्रारूपों में ऐसी रीति मे बनाये रखा जायेगा जो प्राधिकरण या प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जब कभी भी अपेक्षित हो, प्राप्त किया जा सके।

(ग) सेवानिवृत्ति सलाहकार, किसी व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकार के सिवाय प्राधिकरण द्वारा सेवानिवृत्ति सलाहकार सेवाओं के लिए यथा विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक राशि का फीस के रूप में वसूल कर रहा है, इन विनियमों के अनुपालन के संदर्भ में चार्टर्ड अकाउंटस ऑफ इंडिया के किसी सदस्य से वार्षिक संपरीक्षा आरंभ करेगा। परन्तु यह कि किसी बैंक द्वारा सेवानिवृत्ति सलाह प्रस्तुत करने के मामले में ऐसा बैंक की वैधानिक संपरीक्षा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत किया जाएगा।

22. अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति .—सेवानिवृत्ति सलाहाकर जो कि निगमित निकाय या साझेदार कंपनी या कोई रजिस्ट्रीकृत न्यास या संस्था है, एक अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति करेगा जो अधिनियम, विनियमों, प्राधिकरण द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों, निर्देशों की अपेक्षाओं के संदर्भ में सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा को पालन किये जाने को करने के लिए उत्तरदायी होगा। व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति सलाहकार के लिए, अनुपालन का दायित्व ऐसे व्यक्ति का होगा जिसके नाम पर प्राधिकरण द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अनुदत्त किया गया है।

23. शिकायतों का निवारण .—

(क) सेवानिवृत्ति सलाहाकार अभिदाताओं की शिकायतों का शीघ्रता से निवारण करेगा।

(ख) सेवानिवृत्ति सलाहकार पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (अभिदाता की शिकायत का निवारण) विनियम, 2015 समय—समय पर यथासंशोधित के उपबंधों से बाध्य और आबद्धकर करेगा।

24. निष्पादन सेवाओं का पृथक्करण :—

सेवानिवृत्ति सलाहकार जो कि बैंक, गैर बैंककारी वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसीएस) और निगमित निकाय हैं, अपने संभावित अभिदाताओं सेवाओं का वितरण और निष्पादन करता है, अपनी सेवानिवृत्ति सलाहकार सेवाओं को अन्य गतिविधियों से पृथक बनाये रखेगाः

परन्तु यह कि सेवाओं का ऐसा वितरण और निष्पादन निम्न के अध्यधीन प्रस्तुत किया जा सकेगा :

(क) संभावित अभिदाता, सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा प्रस्तुत सेवा निष्पादन और वितरण को प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार से आबंध नहीं होगा।

(ख) सेवानिवृत्ति सलाहकार , सेवानिवृत्ति सलाहकार की अपनी गतिविधियों और सेवाओं के निष्पादन और वितरण के मध्य पर्याप्त दूरी का संबंध बनाये रखेगा।

(ग) संभावित अभिदाता द्वारा सेवा निष्पादन या वितरण प्रदाता को सभी प्रकार की फीस और शुल्कों का संदाय सेवानिवृत्ति सलाहकार के माध्यम न करके सीधे सेवा प्रदाताओं को किया जाएगा।

(घ) सेवानिवृत्ति सलाहकार राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का उपयोग करने की पूर्ववर्ती शर्त के अनुसार अभिदाता को किसी भी रीति में उसकी सेवाएं लेने के लिए बाध्य या विवश नहीं करेगा और प्राधिकरण की बिना अनुमति के किसी प्रकार की सुगठित सेवाओं का प्रस्ताव नहीं करेगा।

अध्याय IV

निरीक्षण

25. प्राधिकरण का निरीक्षण संबंधी अधिकार .—(1) प्राधिकरण स्वतः संज्ञान से या जानकारी या शिकायत प्राप्त होने पर एक या अधिक व्यक्तियों को निम्न कारणों में से किसी के लिए सेवानिवृत्ति सलाहकार से संबंधित लेखा बहियों, अभिलेखों और दस्तावेजों के निरीक्षण करने के लिए निरीक्षण प्राधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकता है नामत :—

(क) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा लेखा बहियों, अभिलेखों और दस्तावेजों को इन विनियमों में विनिर्दिष्ट रीति में बनाये रखा है

(ख) अभिदाताओं या किसी अन्य व्यक्तियों की ओर से, सेवानिवृत्ति सलाहाकर की गतिविधियों से संबंधित किसी विषय प्राप्त शिकायतों के निरीक्षण के लिए

(ग) यह सुनिश्चित करना के लिए कि क्या सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा अधिनियम और इन विनियमों का पालन किया जा रहा है,

(घ) पेंशन सेक्टर या अभिदाताओं के हित में सेवानिवृत्ति सलाहकार के कार्यकलापों की जांच करने के लिए

(2) बैंक द्वारा सेवानिवृत्ति सलाह प्रस्तुत किये जाने के संबंध में, उपविनियम (1) के अंतर्गत यथा निहित संपरीक्षा की शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, प्राधिकरण, भारतीय रिजर्व बैंक से ऐसी शक्तियों का प्रयोग करने, जैसा अपेक्षित हो, का अनुरोध कर सकता है।

26. निरीक्षण के पूर्व सूचना.—(1) विनियम 25 के अधीन कोई निरीक्षण करने के पूर्व प्राधिकरण सेवानिवृत्ति सलाहकार को दस कार्य दिवस की सूचना देगा :

(2) उप विनियम (1) में अंतर्निहित पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना परंतु यदि प्राधिकरण का यह समाधान हो जाता है कि अभिदाताओं के हितों की तत्काल रक्षा के लिए ऐसी किसी सूचना को नहीं दिया जाना चाहिए, वह लिखित रूप में एक आदेश के द्वारा ऐसे किसी सूचना के बिना सेवानिवृत्ति सलाहकार के कार्यकलापों का निरीक्षण करने का निर्देश दे सकता है।

(3) निरीक्षण की अवधि के दौरान, सेवानिवृत्ति सलाहकार जिसका निरीक्षण या लेखापरीक्षा की जा रही है, विनियम 25 में अधीन यथा उपबंधित अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए बाध्य होगा।

27. सेवानिवृत्ति सलाहकार की निरीक्षण संबंधी बाध्यताएं.—

(1) सेवानिवृत्ति सलाहकार, जिसके संबंध में विनियम 25 के अंतर्गत निरीक्षण करने संबंधी आदेश दिया गया है और कोई अन्य संबंधित व्यक्ति जिसके आधिपत्य मेंऐसे सेवानिवृत्ति सलाहकार के कार्यकलापों और व्यहार से संबंधित सुसंगत जानकारी हो,सेवानिवृत्ति सलाहकार के प्रतिनिधि सहित, यदि कोई हो, का यह कर्तव्य होगा कि वह उसकी अभिरक्षा या नियंत्रण में की पुस्तकों, लेखाओं और अन्य दस्तावेजों और ऐसे विवरण और सूचना को निरीक्षणकर्ता प्राधिकारी को प्रस्तुत करे जैसा कि निरीक्षणकर्ता प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण के प्रयोजनार्थ अपेक्षा की जाये।

(2) प्रत्येक सेवानिवृत्ति सलाहकार और कोई अन्य व्यक्ति जिसके आधिपत्य में सेवानिवृत्ति सलाहकार के व्यवहार और कार्यकलापों से संबंधित सुसंगत जानकारी हो, जांचकर्ता प्राधिकारी को ऐसी सभी सहायता और ऐसे सभी सहयोग, जैसा कि निरीक्षण के संबंध में अपेक्षित हो, और निरीक्षण के संबंध में जांचकर्ता प्राधिकारी द्वारा मांगी गई ऐसी जानकारी, उपलब्ध करायेगा।

(3) जांचकर्ता प्राधिकारी, के पास निरीक्षण के प्रयोजनार्थ किसी भी कर्मचारी, निदेशकों, साझेदारों या सेवानिवृत्ति सलाहकार की संक्रियाओं से संबंधित या के लिए उत्तरदायी व्यक्ति या कोई अन्य ऐसा सहभागी जिसके पास ऐसे सेवानिवृत्ति सलाहकार से संबंधित सुसंगत जानकारी हो, के हलफनामों और विवरणों के अभिलेखों की जांच करने की शक्ति होगी।

(4) जांचकर्ता प्राधिकारी के पास, निरीक्षण के प्रयोजनार्थ सेवानिवृत्ति सलाहकार के दस्तावेजों, पुस्तकों, खातों, किसी व्यक्ति से जिसके नियंत्रण या अभिरक्षा में ऐसे दस्तावेज, पुस्तक या खाते हों, की अधिप्रमाणित प्रतियों को हासिल करने की शक्ति होगी।

28. प्राधिकरण को रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना .—

जांचकर्ता प्राधिकारी, निरीक्षण सम्पूर्ण होने पर यथाशीघ्र संभव हो, एक निरीक्षण रिपोर्ट प्राधिकरण को प्रस्तुत करेगाः परन्तु यह कि यदि प्राधिकरण द्वारा ऐसा निर्देशित हो, निरीक्षण प्राधिकारी एक अंतरिम रिपोर्ट जमा करा सकता है।

Indiacode

29. निरीक्षण रिपोर्ट पर कार्रवाई.—प्राधिकरण, निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात और सेवानिवृत्ति सलाहकार (रों) या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधियों को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात निम्न सहित ऐसे निर्देश जारी कर सकता है जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या अभिदाताओं के क्रमबद्ध विकास में उचित समझे,—

(क) सेवानिवृत्ति सलाहकार को एक विशिष्ट अवधि के लिए सेवानिवृत्ति सलाह न देने की अपेक्षा करना।

(ख) सेवानिवृत्ति सलाहकार से फीस, प्रभारों या अन्य प्रकार से संबंधित अभिदाताओं से संकलित धनराशि को अपेक्षित ब्याज और क्षतिपूर्ति जैसा कि प्राधिकरण द्वारा विनिर्धारित किया जा सके, की वापसी की अपेक्षा करना। अभिदाता (ओं) को सेवानिवृत्ति सलाहकार के किसी कार्य या लोपों के कारण हुए नुकसान के मामले में, प्राधिकरण सेवानिवृत्ति सलाहकार द्वारा जमा कराये गयी कार्यनिष्पादन गारंटी का इस्तेमाल कर सकेगा और सेवानिवृत्ति सलाहकार को प्राधिकरण द्वारा बनाई गई दंड संहिता के अतिरिक्त पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम,2013 के प्रावधानों और लागू विनियमों के अनुसार उल्लंघन की सीमा और उल्लंघन के स्तर को ध्यान में रखते हुए अभिदाता (ओं) की क्षतिपूर्ति करनी पड़ेगी।

(ग) सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में परिचालन करने से ऐसी अवधि जैसा कि विनिर्दिष्ट किया जा सके, के लिए सेवानिवृत्ति सलाहकार को प्रविरत करना।

अध्याय V

व्यतिक्रम की दशा में प्रमाणपत्र निलंबित या निरस्त करना

30. रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र का निलम्बन या निरस्त करना (1)प्राधिकरण की किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जिसे प्राधिकरण द्वारा किया जा सके, सेवानिवृत्ति सलाहकार को अनुदत्त किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण निन्न किसी भी स्थिति में निलम्बित, निरस्त या वापस लिये जाने के लिए दायी होगा, नामत :—

(क)किसी शर्तों या निबंधनों का पालन करने में असफल रहता है जिसके आधार पर उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अनुदत्त किया गया है,

(ख)अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों या विनियमों के किन्ही उपबंधों का या जारी किये गये किन्ही मार्गदर्शक सिद्धांतों या अधिसूचनाओं, निदेशों, अनुदेशों या परिपत्रों का उल्लंघन करता है,

(ग)स्वेच्छा से प्राधिकरण द्वारा अनुदत्त किये गये प्रमाण पत्र को वापस करने का अनुरोध करता है,

(घ)एक रिसीवर, रिसीवर प्रबंधक, प्रशासक या समान व्यक्ति को सेवानिवृत्ति सलाहकार के उद्यमों या आस्तियों के संबंध में नियुक्ति करता है,

(ङ)सेवानिवृत्ति सलाहकार

(i) परिसमापन हो जाता है (प्राधिकरण द्वारा पूर्व में लिखित अनुमोदित शर्तों पर पुनर्गठन अथवा विलयन के उद्देश्य के अतिरिक्त),

(ii) कारोबार बंद कर देता है,

(iii) पंजीकरण के किसी नियम या शर्त के किसी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसके द्वारा दिये गये प्रतिनिधित्व,वारंटी अथवा उदघोषणा का निष्पादन अथवा अनुपालन करने मे विफल रहता है अथवा प्राधिकरण से लिखित रूप में नोटिस मिलने से दस कार्य दिवसों में ऐसे उल्लंघन या भूल को ठीक नहीं कर पाता है,

(iv) अपना कारबार ऐसी रीति में करता है जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अभिदाताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हो,

(v) प्राधिकरण द्वारा की जाने वाली किसी जांच में सहयोग नहीं करता है,

(vi) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली या किसी अन्य पेंशन स्कीम के तहत कारोबार में हेरफेर आलिप्त रहता है,

(vii) अनुचित कारबारी गतिविधियों में आलिप्त रहता है,

(च) यदि सेवानिवृत्ति सलाहकार , प्राधिकरण की राय में, पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये भ्रष्ट या छलपूर्ण कार्य करता है या उसे किसी सरकारी प्राधिकरण या विनियामक द्वारा कालीसूची में डाला गया है या उसके विरूद्ध निरोधात्मक, निष्कासन, निषेधात्मक या ऐसी प्रकृति का कोई आदेश जारी किया गया हो या सेवानिवृत्ति सलाहकार या उसके किसी प्रधान अधिकारी पर न्यायाधिकरण द्वारा आर्थिक अपराध करने जिनमें नैतिक अधमता भी शामिल है के लिए दोषिसिद्धि किया गया हो,

(छ) यदि सेवानिवृत्ति सलाहकार प्राधिकरण को झूठा बयान या सूचना प्रस्तुत करता है जिसका वस्तुगत प्रभाव प्राधिकरण या अभिदाताओं के अधिकारों, दायित्वों या हितो पर पड़ता है,

(ज) यदि सेवानिवृत्ति सलाहकार प्राधिकरण द्वारा यथा अपेक्षित आवधिक विवरणियां प्रस्तुत नहीं करता है,

IndiaCode

(झ) यदि सेवानिवृत्ति सलाहकार प्राधिकरण द्वारा उसके कारोबार से संबंधित यथा अपेक्षित कोई सूचना प्रस्तुत नहीं करता है,

(ञ) यदि सेवानिवृत्ति सलाहकार के स्वामित्व, प्रबंधन या प्रमुख अधिकारियों में कोई बदलाव होता है जिससे प्राधिकरण की राय में अभिदाताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है,

(ट) निर्दिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने में निरंतर और उल्लेखनीय ढंग से या अन्य सेवानिवृत्ति सलाहकारों की तुलना में निम्न कार्य प्रदर्शन

(ठ) ऐसी रीति में कार्य करना जो अभिदाताओं के हितो के प्रतिकूल हो।

(ड) प्राधिकरण द्वारा की जाने वाली किसी जांच में सहयोग नहीं करता है,

(ढ़) अधिनियम की धारा 28 के तहत यथा निर्दिश्ट कोई व्यतिक्रमपूर्ण कार्य करता है,

(ण) कोई अन्य कारण, जो प्राधिकरण की राय में अनुदत्त रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के निलम्बन, रद्दकरण या वापस लेने का समुचित आधार हो,

(2) प्राधिकरण उप–विनियम (1) के अधीन शक्तियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को रद्द करने या निलंबित करने के बजाय, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के निबंधनों और शर्तों को इस प्रकार सत्यापित या उपांतरित करने का निर्देश दे सकेगा, जैसा वह ठीक समझे या ऐसा आदेश पारित कर सकेगा जो अभिदाताओ के हित में लाभप्रद समझे।

(3) पंजीकरण प्रमाणपत्र का निलंबन, निरस्तीकरण या वापस लेने संबंधी आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक संबंधित व्यक्ति को इन विनियमों के अनुसार जांच के अंतर्गत सुनवाई का उपयुक्त अवसर नहीं दिया जाये।

(4) ऐसे व्यक्ति और संस्थाएं जिन्हें रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र अभिप्राप्त किये बिना या जिनके मामलों में प्रमाणपत्र अपेक्षित न हो, को विनियम 4 के अंतर्गत सेवानिवृत्ति सलाहकार से संबंधित गतिविधियों को आरंभ करने हेतु अनुज्ञात किया गया है, ऐसी कार्रवाई जिसमे सेवानिवृत्ति सलाहकार के रूप में सेवाएं प्रस्तुत करने से अवरोध, प्रतिनिषेध या निलम्बन शामिल है, के लिए दायी होगा।

31. प्रमाणपत्र के निलंबन, रद्दकरण या अभ्यर्पण का प्रभाव .–(1) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के निलम्बन, रद्दकरण या अभ्यर्पण किये जाने की तारीख से ही संबंधित सेवानिवृत्ति सलाहकार :–

(क) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अथवा अन्य पेंशन स्कीमों, जैसा भी मामला हो, के अन्तर्गत कोई नया लेनदेन करने से प्रविरत रहेगा।

(ख) आस्तियों, अभिलेखों, दस्तावेजों या सूचना के बारे में जो सेवानिवृत्ति सलाहकार की अभिरक्षा या नियंत्रण में हो, एक निर्धारित समयसीमा में और इस प्रकार ऐसी रीति में जो सुसंगत विनियमों के तहत अपेक्षित हो या प्राधिकरण द्वारा जैसा निर्देश दिया जा सके, कार्रवाई करेगा।

(ग) आस्तियों, अभिलेखों, दस्तावेजों या सूचना को जो उसकी अभिरक्षा या नियंत्रण में हो, अन्य सेवानिवृत्ति सलाहकार को प्राधिकरण द्वार निर्दिष्ट ऐसी रीति और प्ररूप में अपने व्यय पर अंतरित करेगा।

यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी सुसंगत दस्तावेजों, अभिलेखों या सूचना का अंतरण प्राधिकरण द्वारा निर्दिश्ट निर्देषों के अनुरूप हो। सेवानिवृत्ति सलाहकार की ओर से किसी भी प्रकार का असहयोग या गैर समर्थन या अवरोध सेवानिवृत्ति सलाहकार को शास्ति अधिरोपण के लिए दायी होगा।

(घ) सेवानिवृत्ति सलाहकार तब तक प्राधिकरण के निदेषों का अनुपालन करेगा जब तक सभी अंतरण या कार्रवाई पूरी नहीं हो जाती या जब तक पंजीकरण प्रमाणपत्र निलंबित रहता है।

32. अभिहित प्राधिकारी की नियुक्ति.– (1) जहां अभिहित सदस्य को यह प्रतीत होता है कि किसी सेवानिवृत्ति सलाहकार जिसे अधिनियम, इन विनियमों या के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अनुदत्त किया गया है या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा विनियम 32 में विनिर्दिष्ट प्रकृति की चूक की गई है वहां वह मुख्य महाप्रबंधक से अनिम्न श्रेणी के किसी अधिकारी को या किसी समतुल्य श्रेणी के किसी अन्य व्यक्ति को अभिहित प्राधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगा।

(2) किसी ऐसे अधिकारी की, जिसने अभिकथित अतिक्रमण की बाबत अन्वेशण या निरीक्षण किया है, अभिहित प्राधिकारी के रूप में नियुक्ति नहीं की जाएगी।

33. सूचना का जारी किया जाना .– (1) अभिहित प्राधिकारी, यदि उसे ऐसा करने के युक्तियुक्त आधारों का पता चलता है, तो वह सेवानिवृत्ति सलाहकार या किसी अन्य संबंधित व्यक्ति को, उससे इस बात का कारण दर्षित करने की अपेक्षा करते हुए कि क्यो न उसे अनुदत्त किए गये रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र को निलम्बित या रद्द कर दिया जाये या क्यों न उसमें उपबंधित कोई अन्य कार्रवाई की जाये, एक सूचना जारी करेगा।

(2) उपविनियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना में, सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा किये गये अभिकथित अतिक्रमण को, अधिनियम, विनियमों, निर्देषों या परिपत्रों के उन उपबंधों को उपदर्षित करते हुए, जिनकी बावत अतिक्रमण करने का अभिकथन किया गया है, विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(3) उपविनियम (1) के अधीन जारी सूचना के साथ ऐसे दस्तावेजों की प्रतियां, जिनका अभ्यारोपण करने में अवलम्ब लिया गया है और दस्तावेजों के सुसंगत भाग के उद्धरण, ऐसी रिपोर्ट, जिनमें किये गये अन्वेशण या निरीक्षण, यदि कोई हो, में दिये गये निश्कर्श अंतर्विष्ट हो, उपाबद्ध की जाएंगी।

(4) सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति से, सूचना में विनिर्दिष्ट ऐसी अवधि के भीतर, जो उसकी तामील होने की तारीख से इक्कीस दिन से अधिक नहीं होगी, अभिहित प्राधिकारी को एक लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाएगी।

34. सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा उत्तर.— (1) सूचना प्राप्त करने वाला व्यक्ति, अभिहित प्राधिकारी को सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपना लिखित अभ्यावेदन, उसके समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य, यदि कोई हो, के साथ प्रस्तुत करेगा।

परन्तु अभिहित प्राधिकारी सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति द्वारा दर्षित पर्याप्त आधारों के आधार पर और ऐसे विस्तार के कारणों को लेखबद्ध करने के पश्चात सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि को बढ़ा सकेगा।

(2) यदि सूचना प्राप्त करने वाला व्यक्ति, उस प्रयोजन के लिए प्रदत्त समय के भीतर कारण बताओ सूचना का उत्तर नहीं देता है, तो अभिहित प्राधिकारी मामाले में, ऐसा करने के कारणों को लेखबद्ध करते हुए एकपक्षीय कार्रवाई कर सकेगा और समक्ष उपलब्ध सारवान तथ्यों के आधार पर ऐसा करने की सिफारिष कर सकेगा।

35. व्यतिक्रम की दशा में कार्रवाई .—अभिहित पदाधिकारी, सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति के अभ्यावेदनों, यदि कोई हो, मामले के तथ्यों और परिस्थतियों तथा अधिनियम, विनियमों के लागू प्रावधानों, प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों या परिपत्रों पर विचार करने के पश्चात, जहां तथ्यों से यह अपेक्षित हो, वहां निम्नलिखित की सिफारिष करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा —

(क) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निलम्बन

(ख) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र का रद्दकरण

(ग) आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति को काई नया कार्य, संविदा प्राप्त करने या नवीन स्कीम प्रारंभ करने से प्रतिषिद्ध करनाः

(घ) सूचना प्राप्त करने व्यक्ति के प्रधान अधिकारी को आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए किसी रजिस्ट्रीकृत मध्यवर्ती के साथ नियोजित या उसके सहयोजित होने से विवर्जित करनाः

(ङ) आवश्यक समझे जा सकने वाली अन्य शर्तों, प्रतिबंधों या अनुपालन को सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति या उसे प्रधान अधिकारी या अन्य अधिकारी या उससे संबंधित किसी अन्य व्यक्ति पर अधिरोपित करना ;

(च) सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति को चेतावनी देना ;

36. सिफारिश पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया .— (1) अभिहित प्राधिकारी से कार्रवाई करने की सिफारिश करने वाली रिपोर्ट प्राप्त होने पर अभिहित सदस्य पर उस पर विचार करेगा और सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक कारण बताओं सूचना, जिसके साथ अभिहित प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न होगी और जिसमें सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति से इस बारे में कि उसके विरूद्ध कोई कार्रवाई, जिसके अंतर्गत समुचित निर्देश पारित करना भी है, क्यों नहीं की जानी चाहिए, लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई हो, जारी करेगा।

(2) सूचना प्राप्त करने वाला व्यक्ति, सूचना प्राप्ति के इक्कीस दिन के भीतर अभिहित सदस्य को एक उत्तर भेजेगा जो उस उत्तर पर, यदि सूचना प्राप्त करने वाले व्यक्ति से प्राप्त होता है, विचार करने और उस व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात, यथासंभव शीघ्रता से समुचित आदेश पारित कर सकेगा और सूचना का उत्तर प्राप्त होने या सुनवाई की तारीख से एक सौ बीस दिन के भीतर आदेश पारित करने का प्रयास किया जाएगा।

(3) अभिहित सदस्य, जहां प्रश्नगत विषयवस्तु सारवान रूप से समान या समरूप प्रकृति की है, सूचना प्राप्त करने वाले अनेक व्यक्तियों के संबंध मे एक समान आदेश पारित कर सकेगा।

37. आदेश की संसूचना.— **(1)** इन विनियमों के अधीन किसी अभिहित प्राधिकारी द्वारा दी गई प्रत्येक रिपोर्ट और अभिहित सदस्य द्वारा किये गये प्रत्येक आदेश, तारीख सहित हस्ताक्षरित होगा।

